पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

----------

# ‘महिला समृद्धि महोत्सव’ में सिखाए स्वावलम्बी बनने के गुण

-----

## विषय विशेषज्ञों ने महिलाओं को बताया शिक्षा का महत्व

-----

लखनऊः 9 मार्च, 2021

राजभवन प्रांगण में आयोजित ‘महिला समृद्धि महोत्सव’ के दूसरे दिन महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षा के महत्व, सामाजिक कुरीतियों से बचाव, स्वास्थ्य रक्षा, कुपोषण एवं टी0बी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से जैम, जैली, आचार, मुरब्बा तथा मशरूम के बारे में भी उद्यान विभाग तथा ए0के0टी0यू0 की खाद्य प्रसंस्करण यूनिट के सहयोग से विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जैम, जैली तैयार कराकर व्यवहारिक जानकारी भी प्रदान की गयी।

राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदेश के समस्त 75 जिलों के स्वयं सहायता समूहों ने अपने–अपने उत्पाद का प्रदर्शन किया है, जिनकी बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। नाबार्ड के महाप्रबंधक ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है तथा प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित करनी है ताकि वे अपने उत्पाद को उचित मूल्य पर बेच सकें।

----------

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (173/18)